## डॉ. उदित राज पर बनी डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित

# दलित मुद्दों पर पार्टी लाइन से अलग राह पर उदित राज



भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मनोज तिवारी के साथ भाजपा सांसद उदित राज एवं अन्य। फोटो : दीपक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सांसद डॉ. उदित राज इन दिनों अपनी डॉक्यूमेंट्री को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपनी जीवन पर आधारित 45 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में दलित उत्थान की बात करते दिखे हैं। दलितों के हितों के लिए वह कई मौकों पर पार्टी लाइन से अलग भी चले जाते हैं। यही नहीं दलित मसलों पर सरकार को घेरने से नहीं चूकते हैं। अभी गत मंगलवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर को रिहा करने की मांग उठाई। वो जस्टिस एके गोयल की एनजीटी चेयरमैन के तौर पर नियुक्ति की आलोचना कर रहे हैं। आईआरएस अधिकारी रहे उदित राज ने कभी राजनीति में मुकाम पाने के लिए इंडियन जस्टिस पार्टी की स्थापना की थी, लेकिन फरवरी 2014 में उन्होंने उसका भाजपा में विलय कर दिया। भाजपा से ही उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद बने। उनका कहना है कि मैं अंबेडकरवादी हूं। मैं बुद्धिस्ट हूं। मैं भाजपा में हूं आरएसएस में नहीं। डॉ. उदित राज यह भी कह चुके हैं कि, 'मैं बीजेपी के साथ राजनीतिक रूप से हूं, सैद्धांतिक रूप से नहीं।'

बहरहाल गुरुवार को डॉ. उदित राज के जीवन पर आधारित 45 मिनट की डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में दिखाई गई, जहां कई बड़े दिग्गज नेताओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी यहां उपस्थित थे। इस डॉक्यूमेंट्री में भाजपा नेताओं के डॉ. उदित राज को लेकर कमेंट हैं वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी बयान हैं। जिसमें दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के कमेंट हैं। भाजपा नेताओं में नितिन गडकरी, मुरली मनोहर जोशी, मुख्तार अब्बास नकवी के कमेंट हैं। इन सभी नेताओं ने डॉ. उदित राज को दलितों का पुरोधा बताया है।

बहरहाल, दूसरी तरफ डॉ. उदित राज स्वयं ही कहते हैं कि दलितों के लिए भाजपा सरकार ने कुछ खास नहीं किया है। 2 अप्रैल के दलित आंदोलन में डॉ. उदित राज ने आरक्षण के मुद्दे पर सरकार से दिगर जा कर बयान दिए थे।